8:47 18 91%

Pun-6

# के.आर. मंगलम के छात्रों ने ई-गवर्नेंस सेवाओं पर किया रिसर्च फील्ड वर्क



सवेरा न्यूज/कास.

नई दिल्ली, 13 जून : के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता और मीडिया संचार स्कूल के छात्रों ने बेरका गांव में 'ई-गवर्नेंस सेवाओं के उपयोग में आने वाली बाधाओं' पर एक महत्वपूर्ण फील्ड वर्क में भाग लिया। इस फील्ड वर्क का आयोजन विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्य डा. आकिब बट्ट, डा. सरीना और डा. सुसान कोशी की निगरानी में किया गया। फील्ड वर्क के दौरान, छात्रों ने गांव के किसानों और महिलाओं के साथ गहन साक्षात्कार किए। यह गतिविधि मार्च 2024 में किए सर्वेक्षण का अनुसरण थी, जिसमें ई-गवर्नेंस सेवाओं की जागरूकता और उपयोग पर अध्ययन किया गया था। सर्वेक्षण में पाया गया था कि केवल 25 फीसदी उत्तरदाताओं ने कभी इंटरनैट के माध्यम से सरकारी सेवाओं का उपयोग किया था। साक्षात्कारों के दौरान यह सामने आया कि ई-गवर्नेंस सेवाओं तक पहुंचने में प्रमुख बाधाएं जानकारी की कमी और क्षेत्र में खराब इंटरनैट सेवाएं थी। छात्रों ने उत्तरदाताओं को उनकी विशेष आवश्यकताओं के अनुसार उपलब्ध ई-गवर्नेंस एप्स और वैबसाइटों के बारे में जानकारी भी प्रदान की। उत्तरदाताओं ने बताया कि प्रासंगिक ई-गवर्नेंस एप्स और वैबसाइटों के बारे में जानकारी से उनके समय और प्रयास की बचत होगी।

## पाक 23 अरब अमरीकी डॉलर उधार लेने की बना रहा योजना

सवेरा न्यूज/एजैंसी इस्लामाबाद, 13 जून : पाकिस्तान ने आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में कम से कम 23 अरब डॉलर उधार लेने की योजना बनाई है। इसमें 12 अरब डॉलर का द्विपक्षीय कर्ज भी

...से तेजी से ...ा : मूडीज

क्षेत्र की सबसे तेजी से